आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा — युवा शक्ति प्रगतिशील विचारों के साथ राष्ट्र निर्माण के प्रयासों का नेतृत्व कर रही है।
- केंद्रीय बजट 2026—27 पहली फरवरी से लोकसभा में पेश किया जाएगा।
- दो दिवसीय सी फूड फेस्टिवल पन्द्रह जनवरी से शुरू।
- जहाज नालंदा के बैरन द्वीप की समय सारणी घोषित।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के समापन सत्र में कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंन कहा कि मुझे युवा पीढ़ी में उन्हें ज्यादा विश्वास रहा है और उनके सामर्थ्य से मुझे सामर्थ्य मिलता है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि नवाचार विचारों, ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रही है। श्री मोदी ने कहा कि 2047 में जब देश स्वतंत्रता के एक सौ वर्ष पूरे करेगा, तब वह आज के युवाओं के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय होगा।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी का दौरा किया और युवा प्रतिनिधियों से बातचीत करके उनके नवाचारों तथा विचारों को जाना। 9 से 12 जनवरी तक आयोजित, विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में देश भर से विभिन्न स्तरों पर पचास लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने शिक्षा विभाग, JNRM, NYK, SAI और रामकृष्ण मिशन के सहयोग से स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती कल पूरे द्वीप समूह में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई। मुख्य कार्यक्रम जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के पास आयोजित किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर—सह—सचिव चंचल यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। सभा को संबोधित करते हुए, चंचल यादव ने कहा, स्वामी विवेकानंद को हमारे राष्ट्र के युवाओं की शक्ति, ऊर्जा और क्षमता पर अटूट विश्वास था। उनका दृढ़ विश्वास था कि युवा भारत को प्रगति और

समृद्धि की ओर ले जाएंगे। उनका संदेश था, "उठो, जागो, और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए,"। इस बीच, एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों और अधिकारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

उधर, राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर, स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, ने PRAYAS के सहयोग से, DBRAIT में एक कानूनी सेवा और युवा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम छात्रों को कानूनी जागरूकता के साथ सशक्त बनाने और उन्हें स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और आदर्शों से प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में कानूनी जागरूकता को प्रेरक मार्गदर्शन के साथ सफलतापूर्वक मिलाया गया, जिससे छात्रों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बेहतर जानकारी मिली।

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में भी राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्वामी विवेकानंद के शिक्षाओं को दर्शाने वाली वीडियों स्क्रीनिग शामिल की गई। इसी तरह का कार्यक्रम जिला परिषद विवेकानंद केंद्र विद्यालय, शोर पॉइंट, में भी आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

केंद्रीय बजट 2026–27 पहली फरवरी से लोकसभा में पेश किया जाएगा। संसद का बजट सत्र इस महीने की 28 तारीख से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल नई दिल्ली में बताया कि सदन में बजट पेश करने की प्रक्रिया पहली फरवरी को सवेरे 11 बजे शुरू होगी। इससे पहले, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा था कि संसद सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च को शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग, पर्यटन विभाग, के सहयोग से, 15 और 16 जनवरी, को आइलैंड सी फ़ूड फेस्टिवल का आयोजन कर रहा है। इस दौरान 15 जनवरी को सुबह साढ़े नौ बजे फिश लैंडिंग सेंटर, जंगलीघाट में एक पारंपरिक नाव दौड़ का भी आयोजन होगा। ये दौड़ केवल गैर–मोटर मछली पकड़ने वाली नावों के लिए खुली है। इस दौड़ में भाग लेने के इच्छुक नाव मालिक अपना आवेदन कल तक जमा कर सकते है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के सर्वोत्कृष्ट मंच– प्रगति ने अपनी 50वीं सफल बैठक के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। श्री नरेंद्र मोदी ने इसे 2015 में शुरू किया था। आज, इस विशेष श्रृंखला में, हम बिहार में स्थित साढे चार किलोमीटर लंबे पटना–गंगा रेल–सह–सड़क पुल पर एक नज़र डालते हैं।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को बैरन द्वीप के लिए समय सारणी जारी की गई है। यह क्रूज यात्रियों को दक्षिण एशिया के एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी को देखने का अवसर प्रदान करेगा। जहाज नालंदा तेरह और सत्ताई फरवरी को रात नौ बजे श्री विजयपुरम से रवाना होगा। टिकट विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल से पन्द्रह तारीख को सुबह नौ बजे  से जारी किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए, पोर्टल से लिंक करने वाला एक QR कोड भी प्रदान किया गया है।

<><><><><><><>

द्वीप समूह में अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा प्रशिक्षण केन्द्र में पचपनवें एक्सटर्नल सब ऑफिसर्स कोर्स के दूसरे बैच की शुरूआत की गई। कल से शुरू हुए इस पाट्‌ठयक्रम में पुलिस अधीक्षक फायर सनी गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से कुल सत्ताईस अग्निशमन कर्मियों को चयनित किया गया है। पच्चीस सप्ताह की अवधि वाले इस पाट्‌ठयक्रम में व्यवहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पाट्‌ठयक्रम पूरा होने के बाद प्रशिक्षु नेशनल फायर सर्विसेज कॉलेज के मानको के अनुसार परीक्षा में शामिल होंगे।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय में चिकित्सा विशेषज्ञों के विभिन्न पदों पर एक वर्ष के लिए  अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की जाएंगी। इसके लिए प्रतिमाह ढाई लाख से तीन लाख रुपये की एक मुश्त राशि दी जाएगी। उम्मीदवार की आयु पैंसठ वर्ष निर्धारित की गई है। साक्षात्कार ऑनलाइन मोड पर आयोजित किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार 20 जनवरी शाम 4 बजे तक विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पात्र उम्मीदवारों की सूची 27 जनवरी को प्रकाशित की जाएगी।

<><><><><><><>

बफल रेंज में कल छोटे हथियारों से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा। इस दौरान सभी संबंधितों से फायरिंग रेंज से दूर रहने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>